प्रेषक,

अबुल कैश
अपर जनपद न्यायाधीश,
हाथरस।

सेवा में,

श्रीमान महानिबंधक
माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद।

द्वारा,

श्रीमान जनपद न्यायाधीश,
हाथरस।

विषयः– **<u>अचल संपत्ति क्रय करने की अनुमति के सम्बन्ध में</u>।**

महोदय,

ससम्मान निवेदन है कि प्रार्थी आराजी संख्या 96 मि0 के अंशभाग 30x49 फिट (136.56 वर्ग मीटर) स्थित मौजा करेला बाग तहसील सदर, प्रयागराज को इसके स्वामी श्री सैय्यद मकसूद अली पुत्र सैय्यद निसार अली निवासी मकान संख्या 77/87 बख्सी बाजार, परगना व तहसील सदर, प्रयागराज हाल निवासी पी0 558 गौस नगर करेली (जी0टी0बी नगर), परगना व तहसील सदर, प्रयागराज से रू0 20 लाख में क्रय करना चाहता है। मैंने उक्त भूमि क्रय करने की अनुमति दिये जाने हेतु श्रीमान जनपद न्यायाधीश, हाथरस के माध्यम से दिनांक 04.12.2019 को प्रार्थना पत्र माननीय उच्च न्यायालय को प्रेषित किया था। माननीय उच्च न्यायालय द्वारा दिनांक 25.02.2020 को विक्रेता से लिखित पंजीकृत इकरारनामा बय एक माह के अंदर कराने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त आदेश के अनुपालन में मेरे द्वारा दिनांक 17.03.2020 को विक्रेता श्री सैय्यद मकसूद अली से पंजीकृत लिखित इकरारनामा बय निष्पादित कराया गया है जो बही संख्या 1 जिल्द संख्या 6226 के पृष्ठ 31 से 46 तक क्रमांक 2178 पर दिनांक 17.03.2020 को रजिस्ट्रीकृत किया गया है। उक्त पंजीकृत इकरारनामा बय की स्वप्रमाणित प्रति अवलोकनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु संलग्न है।

अतः माननीय महोदय से विनम्र प्रार्थना है कि उपरोक्त अचल संपत्ति क्रय करने की अनुमति प्रदान करने की कृपा करें। मैं माननीय महोदय का सदैव आभारी रहूंगा।

सादर।

भवदीय

दिनांक– 21.03.2020

(अबुल कैश)
अपर अपर न्यायाधीश,
हाथरस।